क्रमांक 9/4/82–पोल (7)

प्रेषक

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में,

1. आयुक्त अम्बाला मण्डल, अम्बाला छावनी ।
2. आयुक्त, हिसार मण्डल, हिसार ।
3. हरियाणा के सभी उपायुक्त ।

दिनांक, चण्डीगढ़, 5 जनवरी, 1983 ।

विषय : भारत के राष्ट्रपति द्वारा 26 जनवरी को पदम पदक पुरस्कार प्रदान करने के सम्बन्ध में सिफारिश करने हेतु ।

महोदय,

गणतन्त्र दिवस पर, राष्ट्रपति द्वारा दिये जाने वाले पदम पुरस्कार हेतु, हरियाणा राज्य प्रत्येक वर्ष कुछ नामों की सिफारिश भारत सरकार को करती है । साधारणतया यह सिफारिशें जिला स्तर से भी प्राप्त होती हैं । कई केसों में यह देखा गया है कि सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के बारे में यह सिफारिशें सीधे सरकार के पास भेजी गई हैं । इस मामले पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि ऐसी कोई भी सिफारिश सीधे सरकार को न भेजी जाये बल्कि ऐसी सिफारिशें सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, प्रशासकीय सचिव के माध्यम से राजनैतिक विभाग के पास भेजी जाये ताकि सम्बन्धित सरकारी कर्मचारी/अधिकारी का पूरा (biodata) उसका (citation) तथा उसकी निजी फाईल इत्यादि अपनी सिफारिश सहित सरकार (राजनैतिक विभाग) को भेज सकें । कृपया भविष्य में इन आदेशों की पालना की जाए ।

भवदीय,
संयुक्त सचिव, राजनैतिक एवं सेवाएं,
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

एक प्रति सभी वित्तायुक्त एवं हरियाणा राज्य के सभी प्रशासकीय सचिवों को सूचना तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

संयुक्त सचिव, राजनैतिक एवं सेवाएं,
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।